# समाचार

## शिव–काली मंदिर में पूजा अर्चना की महापौर ने



कोरबा 10 अप्रैल 2016 – बलगी स्थित भगवान शिव एवं माता काली के मंदिर में पहुंचकर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने पूजा अर्चना की। माताकाली को चुनरी अर्पित की तथा नगर के अमन–चैन व आमजन की सुख–समृद्धि की कामना की।

नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर 10 अप्रैल को महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने बलगी कालोनी के समीप स्थित भगवान शिवा एवं माता काली मंदिर पहुंचकर पूरी श्रद्धा के साथ पूजा अर्चना की। उन्होने माता की आरती में भाग लिया तथा मां काली को चुनरी अर्पित की। उन्होने भगवान शिव एवं माता काली से नगर के अमन चैन, शांति व आमनागरिकों की सुख–समृद्धि की कामना की। उनके साथ समाजसेविका मंगल बुधिया, आशा बुधिया, लता अग्रवाल, पार्षद मस्तुल सिंह कंवर, प्रभुचरण सिंह, अशोक सोनी, गेंदन कौशिक, लखेश्वर, ओमप्रकाश, सुबोध झा, रामलाल पटेल, लता सिंह, जी.के. बंजारे, जयंती सिंह, पिन्टू, सूरज, पप्पू, सुदामा, श्यामू, देवप्रसाद, मंजूलता, परमानंद, दसमत, सिबू, गिरधर, मनहरण विष्णु पुरूषोत्तम वर्मा आदि के साथ ही अन्य श्रद्धालुओं ने भी पूजा अर्चना की।